29 .08.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण की करेंगे बात।

2- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- नक्सल प्रभावित रहे गांवों में विकास सर्वोच्च प्राथमिकता।

3- अगले महीने की 8 तारीख से विदिशा में कैंसर मरीजों के लिए चिकित्सा महाविद्यालय में शुरू होगा डे-केयर सेंटर।

4- प्रदेश के सभी जिलों में जनविश्वास अभियान के अंतर्गत आज आयोजित किए गए विशेष शिविर। मौके पर सुलझाई गईं समस्याएं

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 137वां एपिसोड कल 30 अगस्त को प्रसारित होगा। यह कार्यक्रम हमेशा की तरह सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी, दूरदर्शन और अन्य डिजिटल नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आमतौर पर राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति, नवाचार, खेल और पर्यावरण जैसे विषयों पर बात करते हैं। वे देश के कोने-कोने में समाज सेवा कर रहे गुमनाम नायकों के प्रेरणादायक विचारों को भी देश के सामने रखते हैं।

जनविश्वास अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बालाघाट जिले के पूर्व में नक्सल प्रभावित रहे ग्राम बोंदारी पहुंचकर ग्रामवासियों से संवाद किया और क्षेत्र के विकास तथा ग्रामीणों की आवश्यकताओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से चर्चा के दौरान पशुपालन को बढ़ावा देने, आवास सुविधा, पोषण आहार के उपयोग की आदत विकसित करने के लिए जन-जागरूकता अभियान, वन विभाग के सहयोग, चिकित्सा एवं शिक्षा सुविधाओं तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन सभी सुविधाओं को क्षेत्र में बेहतर ढंग से स्थापित करने और शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट जिले के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से 225 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की। इन कार्यों के माध्यम से क्षेत्र में सामाजिक एवं मूलभूत अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश-राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि भारत न केवल एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है, बल्कि अपनी सभ्यतागत विरासत, संस्कृति और क्षमताओं में दृढ़ विश्वास रखने वाला राष्ट्र भी है। लखनऊ में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आज जब भारत बोलता है, तो दुनिया सुनती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि नए भारत में सबसे बड़ा परिवर्तन यह है कि देश अब केवल वैश्विक नियमों का अनुसरण नहीं कर रहा है, बल्कि नियम बनाने में भी योगदान दे रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भाषा, संस्कृति और सभ्यता में राष्ट्रीय गौरव किसी राष्ट्र की आत्मनिर्भरता और प्रगति को बढ़ाता है।

पेट्रोलियम मंत्रालय-स्पष्टीकरण

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि गोबरधन योजना के अंतर्गत बायोगैस के लिए संशोधित मूल्य निर्धारण ढांचा, इसके उत्पादकों को स्थिर और किफायती मूल्य प्रदान करने के लिए बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इसमें ये भी सुनिश्चित किया गया है कि उपभोक्ताओं को सीएनजी और घरेलू पीएनजी की कीमतों में कोई खास वृद्धि न वहन करनी पड़े। हाल ही में एक समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख के अनुसार, गोबरधन योजना के अंतर्गत बायोगैस की संशोधित कीमत, सीएनजी और घरेलू पीएनजी उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाल सकती है। हालांकि, मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह निष्कर्ष सही तथ्य पेश नहीं करता है।

कैंसर-डे केयर

अगले महीने की आठ तारीख से विदिशा में कैंसर मरीजों की सुविधा के लिए डे केयर सेंटर का शुभारंभ किया जा रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री और स्थानीय सांसद शिवराज सिंह चौहान ने आज विदिशा में कहा कि 8 सितंबर का दिन विदिशा के लोगों के लिए बहुत विशेष दिन रहेगा। इसी दिन अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में कैंसर के मरीजों के लिए डे केयर सेंटर का शुभारंभ होगा। श्री चौहान ने आज इसी की तैयारियों की समीक्षा की।

जनविश्वास अभियान

प्रदेश में जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विशेष शिविर आज आयोजित किए गए। जबलपुर से हमारी संवाददाता ने बताया है कि अभियान के तहत आज लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कैंट विधानसभा क्षेत्र के रांझी में करीब दो घंटे तक विभिन्न शासकीय संस्थानों

और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानीं। रायसेन के गैरतगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत देवनगर में जनसंवाद एवं शिविर का आयोजन किया गया। बैतूल के आठनेर में क्लस्टर स्तरीय जनविश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने ग्रामीणों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कराया। मुरैना के बानमौर में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। देवास जिले में भी सुशासन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उधर, खंडवा में भी कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अगुवाई में शिविर आयोजित किए गए। आगरमालवा में जनविश्वास अभियान के तहत निरीक्षण के दौरान एक निजी क्लिनिक सील किया गया। शिवपुरी,दमोह,झाबुआ,सीहोर में भी जनविश्वास शिविर आयोजित किए गए।

<u>मौसम</u>

प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अगले चार दिन बारिश का सिलसिला बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज रीवा, सीधी, कटनी, शहडोल, अनूपपुर, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में तेज बारिश हो सकती है। राजधानी भोपाल में रिमझिम बारिश के आसार हैं, जबकि इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर-चंबल संभाग में तेज बारिश की संभावना कम है। जबलपुर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, सतना, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, उमरिया, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में मौसम बदला रहेगा। सतना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कलेक्टर डा सतीश कुमार एस ने जिले में विगत समय से हो रही अतिवृष्टि के मद्देनजर नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिले में प्रशासन और आपदा टीम अलर्ट मोड पर है।

<u>भुजरिया पर्व</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को स्नेह, सौहार्द और सामाजिक समरसता के लोकपर्व भुजरिया की बधाई दी हैं। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि भुजरिया पर्व हमारी समृद्ध लोक परंपराओं को प्रवाहमान बनाता है। उधर नर्मदापुरम जिले की पिपरिया में में आज रक्षाबंधन और भुजरिया पर्व आयोजित किया गया। इसमें 1500 से अधिक महिलाएं पहुंचीं और सांसद दर्शन सिंह चौधरी को राखी बांधी। सांसद ने बहनों को उपहार स्वरूप साड़ी और नकद राशि भेंट की। सीहोर जिले में भुजरिया पर्व पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। शिवपुरी में रक्षाबंधन के दूसरे दिन आज भुजरिया पर्व मनाया गया। इस दौरान प्राचीन सिद्धेश्वर मंदिर के सामने स्थित भुजरिया तालाब पर आज भुजरिया मेला भरा। यहां पर भुजरिया पर्व मनाया गया।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

1-मंडला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.डीजे मोहन्ती ने जनसमुदाय से बरसात के मौसम में संक्रामक एवं जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है।

2- एम्स भोपाल में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उपचार, जांच, डिजिटल सेवाओं और मरीजों की सुविधा से जुड़ी कई नई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

3- राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर देवास में खेल गतिविधियों के अंतर्गत श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम में आज “29 पुश-अप चैलेंज” का आयोजन किया गया।। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को फिटनेस एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा खेल गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना रहा।

4- उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर प्रबंधन के अनुसार, श्रावण माह में एक करोड़ 13 लाख 25 हजार 210 श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। वहीं, विभिन्न सवारियों और श्री नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन लगभग 43 लाख 75 हजार श्रद्धालुओं ने किए।

------------------------